उच्च शिक्षा पर होने वाला व्यय

2914. **श्री अजीत जोगी :** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उच्च शिक्षा पर होने वाला सरकारी व्यय अपेक्षाकृत अधिक है और यह प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा की कीमत पर हो रहा है ; और

(ख) यदि हां, तो सरकार ने एक विशिष्ट अवधि के भीतर सभी को शिक्षा प्रदान करने संबंधी अपने संवैधानिक दायित्व को पूरा करने की दृष्टि से प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा पर पर्याप्त धनराशि खर्च करने के लिये क्या उपचारात्मक कदम उठाए हैं ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग में उपमंत्री (कुमारी शैलजा) :

(क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

महिला एवं बाल विकास संबंधी योजनायें

†2915. **श्री अजीत जोगी :** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार महिला एवं बाल विकास संबंधी योजनाओं की समीक्षा करने का विचार रखती है ?

(ख) यदि हां, तो क्या समीक्षा अवधि के दौरान उन केन्द्रों द्वारा प्रायोजित योजनाओं के कार्यान्वयन के संबंध में विभिन्न राज्यों से रिपोर्ट प्राप्त हुई है; और

(ग) इन योजनाओं को अधिक व्यावहारिक बनाने के लिये क्या कदम उठाये गये हैं ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय और महिला एवं बाल विकास विभाग) में राज्य मंत्री (श्रीमती बासवा राजेश्वरी) :

(क) महिला एवं बाल विकास से संबंधित स्कीमों की समय-समय पर

(क) महिला एवं बाल विकास से संबंधित समीक्षा, प्रबोधन और मूल्यांकन किया जाता है और आवश्यकतानुसार उनमें सुधार किए जाते हैं। इसके अलावा, महिला एवं बाल विकास से संबंधित स्कीमों की समीक्षा योजना आयोग के साथ वार्षिक योजना पर विचार - विमर्श के दौरान भी की जाती है। इसके साथ-साथ, मध्यावधि मूल्यांकन द्वारा पंचवर्षीय योजनाओं की भी समीक्षा की जाती है।

(ख) जहां तक महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कार्यान्वित समेकित बाल विकास सेवा स्कीम नामक केन्द्रीय प्रायोजित स्कीम का सम्बन्ध है, इसका सतत प्रबोधन राज्यों में कार्यान्वित की जा रही परियोजनाओं से प्राप्त रिपोर्टों के माध्यम से मासिक और तिमाही आधार पर एक कम्प्युटरीकृत प्रबन्धन सूचना प्रणाली के जरिये किया जाता है।

(ग) हाल ही के वर्षों में अनेक उपाय किये गये हैं; जैसे विभिन्न घटकों के लिए लागत मानदण्डों में संशोधन, महिलाओं एवं बच्चों से सबंधित विभिन्न सेवाओं का बेहतर संकेंद्रण तथा गैर-सरकारी संगठनों की भागीदारी के माध्यम से समुदाय की सहभागिता को सुदृढ़ करना।

Encouraging sports at areas root level

2916. SHRI V. HANUMANTHA RAO: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether any concerted effort had been made to encourage sports at the grass root level;

(b) if so, the details thereof;

(c) whether Government proposes to increase sports consciousness amongst the youth; and

(d) if so, the steps proposed in this regard?